आरएनआई / पीआरजीआई नं. : 59755/94
डाक पंजीयन संख्या : मेरठ-232-2026-28



ताजा समाचारों के लिए हमारा एंड्रॉयड ऐप डाउनलोड करें
harikamaldarpan.com

केन्द्र व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शासकीय विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

# हरिकमल दर्पण

सम्पादक : निरंजन सिंह पाल    मो. : 9358430959    Email : niranjanpal10021963@gmail.com

वर्ष 33 अंक 29 मेरठ, बुधवार 5 अगस्त, 2026    Website:- harikamaldarpan.com    कुल पृष्ठ : 8    मूल्य : दो रुपये

### जाति प्रमाण पत्र आवेदन बिना कारण बताए खारिज करना असंवैधानिक : हाईकोर्ट

## धनगर सर्टिफिकेट बनने का रास्ता लगभग खुल चुका है : एडवोकेट राजीव कुमार पाल

**प्रयागराज।** युवा अधिवक्ता राजीव कुमार पाल की रिट संख्या 20758/2026 पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है जिससे अब प्रदेश में धनगर सर्टिफिकेट बनने का रास्ता लगभग खुल चुका है। अपने निर्णय में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि जाति प्रमाण पत्र के आवेदन को बिना ठोस कारण बताए खारिज करना असंवैधानिक है। केवल विभागीय वेबसाइट पर साक्ष्य अभाव लिखकर आवेदन निरस्त करना पर्याप्त नहीं है, प्रशासनिक अधिकारियों को कारणयुक्त आदेश पारित कर उसकी प्रति आवेदक को उपलब्ध करानी होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति अजित कुमार और सिद्धार्थ नंदन की खंडपीठ ने मथुरा निवासी आलोक धनगर और उनकी बहन की याचिका पर दिया। याचिकाकर्ताओं ने अनुसूचित जाति धनगर श्रेणी में प्रमाण पत्र के लिए तहसीलदार के समक्ष आवेदन किया था। 23 फरवरी 2026 को उनका आवेदन केवल साक्ष्य अभाव अंकित कर खारिज कर दिया गया। उन्हें अस्वीकृति का विस्तृत कारण, जांच



रिपोर्ट की प्रति या आदेश की प्रति नहीं भेजी गई। इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। खंडपीठ ने पक्षों को सुनने के बाद कहा कि केवल वेबसाइट पर सूचना अपलोड करना विधिसम्मत सूचना नहीं है। प्रत्येक आवेदक का यह वैधानिक अधिकार है कि उसे अस्वीकृति के आधार बताए जाएं। हाईकोर्ट ने अधिकारियों को आदेश दिया कि आवेदकों को जांच रिपोर्ट पर आपत्ति दर्ज करने और कमियां दूर करने का अवसर मिलना चाहिए। इसके बाद स्वीकृति या अस्वीकृति का विस्तृत एवं कारणयुक्त आदेश पारित किया जाए। इस आदेश की प्रति सात दिनों के भीतर आवेदक को उपलब्ध कराई जाए। अदालत ने यह भी कहा कि विभागीय वेबसाइट पर जांच रिपोर्ट और अंतिम आदेश डाउनलोड करने योग्य लिंक के रूप में उपलब्ध हों। न्यायालय ने निर्देश दिया कि जाति प्रमाण पत्र आवेदन की पूरी प्रक्रिया आवेदन की तारीख से दो महीने के भीतर पूरी की जाए। प्रदेश के मुख्य सचिव को भी इस आदेश को सभी जिलों और तहसील स्तर तक प्रेषित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही तीन महीने के भीतर मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने पर विचार करने को कहा गया। एडवोकेट राजीव कुमार पाल ने हाईकोर्ट के फैसले पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी सामाजिक बंधुओं से अपील की है कि अगर कोई भी तहसीलदार आपको परेशान करता है या सर्टिफिकेट को बिना किसी तथ्य के खारिज करता है तो आप हाईकोर्ट की शरण लेकर अपना प्रमाण पत्र जारी करवा सकते हैं। समाज की लड़ाई लड़ने के लिए एडवोकेट राजीव कुमार पाल का हरिकमल दर्पण परिवार आभार व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ देता है। -सम्पादक

## केन्द्र पाल का अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र हाईकोर्ट ने किया बहाल

**बरेली।** बहेड़ी क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर निवासी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज रसूलगढ़ (जनपद बुलंदशहर) में कार्यरत शिक्षक केन्द्र पाल के धनगर (अनुसूचित जाति) प्रमाण पत्र को बरेली जिला प्रशासन ने 8 अक्टूबर 2025 को निरस्त कर दिया था। शिक्षक केन्द्र पाल का आरोप है कि जिला प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों की रिपोर्ट के आधार पर नियमों और न्यायालयों के दिशानिर्देशों की अनदेखी करते हुए उनका वैध जाति प्रमाण पत्र निरस्त कर दिया। इसके बाद केन्द्र पाल ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार पांडेय के माध्यम से याचिका दाखिल की। मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने प्रकरण को गंभीर मानते हुए



जिलाधिकारी बरेली से जवाब तलब किया। 29 जुलाई 2026 को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जिला प्रशासन द्वारा 8 अक्टूबर 2025 को जारी जाति प्रमाण पत्र निरस्तीकरण के आदेश को रद्द कर दिया। अदालत ने आदेश देते हुए केन्द्र पाल का धनगर (अनुसूचित जाति) प्रमाण पत्र बहाल कर दिया। इस उपलब्धि के लिए केन्द्र पाल को हरिकमल दर्पण परिवार की ओर से बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएँ। -सम्पादक

## राष्ट्रीय समाज पक्ष की कार्यकारिणी बैठक 29 को

अहमदाबाद। गुजरात पाल महासभा के प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी जितेन्द्र कुमार पाल ने समाज के लोगों से 29 अगस्त को लखनऊ में होने वाले राष्ट्रीय समाज पक्ष की कार्यकारिणी बैठक में शामिल होने की अपील की है। सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि कांशीराम के बाद यदि आज कोई नेता बहुजन विचारधारा को समर्पण, संघर्ष और सामाजिक न्याय के उद्देश्य के साथ आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहा है, तो महादेव जानकर का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। समाज के प्रति उनका त्याग, तपस्या और समर्पण निश्चित रूप से अनुकरणीय है तथा अनेक कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। आज समय की मांग है कि समाज का प्रत्येक जागरूक व्यक्ति राष्ट्रीय समाज पार्टी को मजबूती से आगे बढाए, एक मजबूत पार्टी ही समाज को नई दिशा और नई शक्ति प्रदान कर सकती है। इसी उद्देश्य से 29 अगस्त को लखनऊ में राष्ट्रीय समाज पार्टी की कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होने जा रही है। समाज के सभी लोगों से विनम्र अपील है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर तन, मन और धन से सहयोग दें तथा इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाएं। आपकी



उपस्थिति राष्ट्रीय समाज पार्टी की एकता और शक्ति का परिचायक होगी। साथ ही, महादेव जानकर साहब से निवेदन है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय समाज पार्टी के संभावित प्रत्याशियों की घोषणा समय रहते कर दी जाए। इससे प्रत्याशी अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में जनसंपर्क, संगठन विस्तार, बूथ स्तर की तैयारी तथा चुनावी रणनीति पर योजनाबद्ध तरीके से कार्य प्रारंभ कर सकेंगे। समय पर तैयारी किसी भी राजनीतिक दल की सफलता का महत्वपूर्ण आधार होता है। आइए, हम सब मिलकर राष्ट्रीय समाज पार्टी को मजबूत करें, समाज के हितों के लिए एकजुट हों और 29 अगस्त को लखनऊ में होने वाली राष्ट्रीय समाज पार्टी की कार्यकारिणी बैठक को सफल बनाकर एक सशक्त संदेश दें। पार्टी की मजबूती ही समाज की प्रगति का मार्ग है, और समाज की एकता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। -ब्यूरो

## निरंजन सिंह पाल को मिला मुंशी प्रेमचन्द साहित्य विशारद सम्मान


बृजलोक साहित्य कला संस्कृति अकादमी (रजि.)
प्रशस्ति पत्र
निरंजन सिंह पाल, संपादक - हरिकमल दर्पण

**फतेहाबाद (आगरा)।** बृजलोक साहित्य कला संस्कृति अकादमी (रजि.) द्वारा 31 जुलाई को उपन्यास सम्राट व महान साहित्य साधक मुंशी प्रेमचन्द के जन्मदिवस पर हरिकमल दर्पण के सम्पादक निरंजन सिंह पाल को मुंशी प्रेमचन्द साहित्य विशारद सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। इस सम्मान के लिए हरिकमल दर्पण परिवार संस्था के मुख्य अध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार ऋषि वर्मा, कोषाध्यक्ष श्रीमती रीना देवी, सचिव तिरवरनाथ एवं विधिक सलाहकार डॉ. नरेश सिहाग एडवोकेट का आभार व्यक्त करता है। -सम्पादक





कृष्ण पाल


वीरेन्द्र कुमार पाल


गौरव कुमार पाल

मो. 9837651757
7417578902
9068344035
8826455546

कृपाल टाईल्स एण्ड सैनेट्री स्टूडियो
जोहनसन एवं सेरा कंपनियों के अधिकृत विक्रेता
भगवती प्लाजा, 568/1, सैनिक विहार, डिवाइडर रोड, कंकरखेड़ा, मेरठ

कृपाल मार्बल एवं धर्मकांटा
सभी प्रकार के मार्बल और ग्रेनाइट के विक्रेता
पता : मेरठ-परतापुर बाईपास, ग्रांड फाइव के सामने, दायमपुर, कंकरखेडा, मेरठ

कृपाल सटरिंग सप्लायर
हमारे यहाँ गाटर, तख्ते, चाली, बल्ली, फावड़े, सीढ़ी, संदली, झुरमुट, तसले, कोलम फर्मे आदि उचित किराये पर मिलते हैं।
पता : निकट टाटा इंडीकॉम टॉवर, रामनगर, कंकरखेडा, मेरठ

# हरिकमल दर्पण

## एकजुटता दिखाने की जरूरत है!



**आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट चन्द्रशेखर आजाद के निर्देश पर पार्टी ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए अपने 45 संभावित उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है जिनमें तीन गडरिया समाज से हैं। हालांकि यह सूची विधानसभा प्रभारियों की नियुक्ति के बारे में है लेकिन सूत्र बताते हैं कि इन्हीं में से अधिकांश को प्रत्याशी भी बनाया जाएगा। इस सूची में मेरठ कैंट से युवा नेता संजीव पाल की उम्मीदवारी को लेकर पाल समाज में जबर्दस्त उत्साह है क्योंकि एक लम्बे समय के बाद किसी बड़ी पार्टी ने पाल समाज का प्रत्याशी मेरठ में बनाया है। इसके अलावा आगरा की फतेहपुर सीकरी विधानसभा सीट पर जगदीश बघेल तथा अलीगढ़ की बरौली विधानसभा सीट पर रामप्रकाश हंस उर्फ रामू बघेल को आसपा ने विधानसभा प्रभारी घोषित किया है। यह तो केवल शुरुआत है, शीघ्र ही पार्टी द्वारा गडरिया समाज के और भी उम्मीदवार घोषित किए जा सकते हैं। उत्तर प्रदेश का विधानसभा चुनाव गडरिया समाज के लिए अपनी एकजुटता दिखाने का स्वर्णिम अवसर है। यदि समाज पार्टीबाजी के चक्कर में न फंसकर अपने समाज के उम्मीदवारों को जिताने के लिए एकजुट हो गया तो प्रदेश का इतिहास बदल सकता है और हमारे समाज के बहुत बड़ी संख्या में विधायक चुनकर आ सकते हैं। उल्लेखनीय है कि लगभग सभी प्रमुख राजनीतिक दलों में गडरिया समाज को लुभाने की होड़ चल रही है।**

***इस हफ्ते इन्हीं शब्दों के साथ जय पाल समाज!***

**-निरंजन सिंह पाल**

# सत्ता के शिखर पर संगठन का 'झुनझुना' और हाशिये पर खड़ा गड़रिया समाज!

उत्तर प्रदेश की सियासत में जब-जब बदलाव की बयार बही, तब-तब जातिगत समीकरणों की बिसात पर नए मोहरे सजाए गए। कांग्रेस के अवसान के बाद सूबे की राजनीति जिस मंडल और कमंडल के दौर में दाखिल हुई, वहां सामाजिक न्याय के नाम पर सत्ता की मलाई चंद रसूखदार और मुखर जातियों तक ही सिमटकर रह गई। मुलायम सिंह यादव ने पिछड़ों की लामबंदी कर सत्ता की इमारत खड़ी की, तो मायावती ने दलित अस्मिता, विशेषकर जाटव समाज के सहारे 'सोशल इंजीनियरिंग' का सफल प्रयोग किया। वर्तमान में राष्ट्रवाद, अंत्योदय और 'सबका साथ-सबका विकास' का दम भरने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का एकछत्र परचम लहरा रहा है। लेकिन इस समूचे राजनीतिक चक्रव्यूह में एक बुनियादी सवाल आज भी अनुत्तरित है–संख्या बल और सांगठनिक वफादारी में मजबूत होने के बावजूद गड़रिया (पाल/धनगर) समाज को वास्तविक राजनैतिक हिस्सेदारी मिली या उसे सिर्फ एक चुनावी मोहरे की तरह इस्तेमाल किया गया? यह एक ऐतिहासिक और सांख्यिकीय तथ्य है कि बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के शासन काल में इस समाज को न केवल विधायकों की संख्या के लिहाज से, बल्कि सत्ता के गलियारों में सम्मान के स्तर पर भी सबसे ज्यादा तवज्जो मिली। इसके विपरीत, समाजवादी पार्टी और भाजपा ने इस विशाल और मूक वोट बैंक को साधने के लिए हमेशा प्रतीकात्मक नियुक्तियों और केवल चुनावी आश्वासनों का सहारा अधिक लिया। इसका सबसे बड़ा और जीता-जागता प्रमाण 'धनगर आरक्षण' का संवेदनशील मुद्दा है। अखिलेश यादव की सरकार ने अपने पूरे पांच साल के कार्यकाल में इस संवैधानिक मांग को प्रशासनिक पेचीदगियों और फाइलों के मकड़जाल में उलझाए रखा, जिसे समाज आज भी एक राजनीतिक 'लॉलीपॉप' की तरह देखता है। वहीं, वर्तमान भाजपा सरकार, जो खुद को सर्वसमावेशी और हर वर्ग की हितैषी कहती है, वह भी सत्ता के शीर्ष पर बैठकर इस आरक्षण के मुद्दे पर पूरी तरह मौन और उदासीन बनी हुई है। नतीजा यह है कि वर्तमान व्यवस्था में गड़रिया समाज खुद को वैचारिक और राजनीतिक रूप से पूरी तरह असहज और उपेक्षित महसूस कर रहा है। हालिया दिनों में उत्तर प्रदेश की सांगठनिक राजनीति में एक बेहद शातिर और सोची-समझी परिपाटी शुरू हुई है। प्रमुख राजनीतिक दलों में अचानक पाल समाज के चेहरों को संगठन के शीर्ष पदों पर बैठाने की एक छद्म होड़ सी मच गई है : अपना दल 'सोनेलाल' ने 'राजकुमार पाल' को प्रदेश का मुखिया बनाया था। बसपा ने 'विश्वनाथ पाल' को प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी। समाजवादी पार्टी ने ऐन लोकसभा चुनाव के मुहाने पर 'श्यामलाल पाल' को संगठन की बागडोर दे दी। इस चौतरफा घेराबंदी से घबराई भाजपा ने भी तात्कालिक डैमेज कंट्रोल के तहत पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष/तत्कालीन क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल को 'भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष' घोषित कर पाल समाज के वोटों को बांधने का दांव खेल दिया। इतना ही नहीं, हाल ही में दिल्ली भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष संतोष पाल को बनाकर संगठन को दिल्ली से यूपी तक मजबूत करने और समाज को साधने की कवायद तेज कर दी गई है। पहली नजर में यह समाज के बढ़ते राजनैतिक रसूख का भ्रम पैदा कर सकता है, लेकिन सामाजिक और जमीनी दृष्टिकोण से विश्लेषण करने पर एक कड़वी और भयावह सच्चाई सामने आती है। सबसे बड़ा यक्ष प्रश्न यह है कि क्या ये तमाम सांगठनिक मुखिया अपने समाज के योग्य और कर्मठ चेहरों को विधानसभा, विधान परिषद, लोकसभा या राज्यसभा का टिकट दिलाने में वास्तव में सक्षम हैं? क्या इनके पास दलों के भीतर टिकट वितरण और नीति-निर्धारण में कोई वास्तविक 'वीटो पावर' या निर्णायक शक्ति है? यदि उत्तर 'ना' है, तो यह साफ है कि यह प्रतिनिधित्व नहीं, बल्कि एक सुनियोजित राजनीतिक छल है। दलों के आलाकमान ने यह भली-भांति भांप लिया है कि इस समाज के भीतर अब नेतृत्व और आत्मसम्मान की एक गहरी तड़प है। इसलिए, उन्होंने सत्ता में वास्तविक हिस्सेदारी (जैसे कैबिनेट मंत्री, राज्यसभा सीट या प्रभावी मंत्रालय) देने के बजाय संगठन का ऐसा 'झुनझुना' थमा दिया है, जो चुनावी रैलियों में बजता तो जोर से है, लेकिन उससे समाज की तकदीर का एक पन्ना भी नहीं बदलता। यह 'वोट हमारा, राज तुम्हारा' की सामंती नीति को आधुनिक कलेवर में पेश करने की चाल है। जब तक कोई समाज सीधे सदन में अपनी स्वतंत्र और मजबूत आवाज नहीं पहुंचाता, तब तक नीतियां उसके हक में कभी नहीं बनतीं। केवल सांगठनिक पदों पर आसीन चेहरे चुनावी रैलियों में भीड़ जुटाने वाले प्रबंधकों और सजावटी किरदारों से अधिक कुछ साबित नहीं होते। यह स्थिति समाज को सशक्त करने के बजाय उसे अलग-अलग राजनीतिक खेमों में बांटने (डिवाइड एण्ड रूल) की एक गहरी साजिश है, ताकि समाज कभी एकजुट होकर अपने बुनियादी हकों, जैसे 'धनगर आरक्षण' के लिए एक होकर हुंकार न भर सके। आगामी चुनावों में वोट की चोट करने से पहले अब गड़रिया समाज को बहुत गहराई से सोचना होगा कि उसे केवल सांगठनिक पदों की झूठी चमक चाहिए या सदन में अपनी वास्तविक और मजबूत राजनैतिक ताकत। जब तक समाज भ्रमित करने वाली इस चौतरफा राजनीतिक चाल को नहीं समझेगा, तब तक वह केवल राजनीतिक दलों की बिसात पर एक बंधुआ मोहरा बना रहेगा और उसका वास्तविक उत्थान हमेशा दूर की कौड़ी साबित होगा। अब समय आ गया है कि समाज इस राजनीतिक बंटवारे को नकार कर अपने हक की सीधी लड़ाई लड़े।



**-शैलेन्द्र विक्रम पाल,** बरेली
मो. 9359105473

# शिक्षा अमृत है—सच्चे मन से पियो!

प्राचीन काल से शिक्षा का बड़ा महत्व रहा है। ऋषि-मुनियों, संस्कृत विद्यालयों, गुरुकुल आदि संस्थाओं के द्वारा सभी शिक्षा को सच्चे मन से ग्रहण करते थे। शिक्षा लेते समय नकल का सहारा बिल्कुल नहीं होता था। चाहे शिक्षा सरकारी विद्यालय से ली गयी हो, चाहे गुरुकुल से ली गयी हो किंतु शिक्षा नकलविहीन होती थी। शिक्षा आपकी क्षमता पर निर्भर करती है कि आप किस क्षेत्र की शिक्षा लेने जा रहे हैं। आप उस क्षेत्र के नायक बनोगे। ध्यान रखना, उसी से आपको जिंदगी में सम्मान मिलेगा। नकल का सहारा लिया तो निश्चित तौर पर आपको अपमान मिलेगा। पेपर लीक मामले में अभी हाल में शिक्षा मंत्री का इस्तीफा सामने आया। जिन छात्रों ने नकल से नौकरी ली, अब उनकी धड़कन बढ़ रही होंगी कि कहीं मेरी जांच न हो जाये, नौकरी भी जाएगी और दस-बीस लाख रुपये भी जा सकते है, जेल भी हो सकती है। नौकरी बिना मेहनत मिली है तो काम नहीं आएगी। फाइल, रिपोर्ट, जनता की समस्याएं जा फसेंगी। तब या तो रिश्वत दो या जूनियर से कराएंगे या ट्रांसफर मांगेंगे, प्रमोशन में अड़चनें पैदा होंगी, बर्खास्तगी का डर रहेगा। एक नकलची डॉक्टर, मास्टर, पुलिस वाला ही लोगों की जिंदगी खराब करता है। अतः हरिकमल दर्पण के पाठकों से यही विनती है कि नकल रूपी शिक्षा विष का प्याला है। शिक्षा का अमृत रूपी प्याला अपने बच्चे को पिलाने की कृपा करें। समाज में नाम ऊंचा करें।



**-धनगर गंगा विष्णु चन्देल**
तहसीलदार, दिल्ली सरकार
मो. 9899641263

# समाज की महिलाओं को भी लड़ना सीखना पड़ेगा!

मैंने बरसों से तमाम बिरादरी के संगठनों में महिलाओं के शामिल होने की बात की है, लेकिन पुरुष प्रधान मानसिकता के लोगों ने मेरी इस बात पर कभी ध्यान नहीं दिया। मैंने कई सभाओं में बनीं कार्यकारिणियों को इसलिए नकारा कि इस कार्यकारिणी में महिलाएं नहीं हैं। मेरा इस बात पर विरोध है कि किसी अन्य समाज से ज्यादा पाल, बघेल, गड़रिया समाज की महिलाओं की वजह से लड़ाई, झगड़े होते ही रहते हैं। अभी हाल ही में खबर मिली की एक महिला जहर खाकर मरी। इसकी वजह पता नहीं चल पायी, हालांकि दिवंगत महिला मेरे ही परिवार की थी। मुझे कोई भनक तक नहीं थी। इस दम्पति को मैंने अभी हाल ही में अपने लड़के के विवाह में बुलाया था, लेकिन उनमें आपस में क्या चल रहा था, इसका मुझे पता नहीं चला। यदि महिला मुझे बताती तो सम्भवतः इस प्रकार की घटना को रोका जा सकता था। समाज में बढ़ रहा यह ट्रेंड कि कोई किसी से बात बताता नहीं है, यह पिछड़े समाजों की बड़ी समस्याओं में से एक सबसे बड़ी समस्या है। मैंने यहाँ तक कि महिला आरक्षण जो पार्लियामेंट में होना है, की बहस जो भविष्य में होनी है इस पर ओबीसी आरक्षण के दोगुना होने के उपरांत महिला आरक्षण पर अपनी बात तमाम मंचों पर रखी है। समाज के लोगों से अपील है कि आप सब लोग महिलाओं को भी मीटिंग मे लायें। उनको भी लड़ना सीखना पड़ेगा, चाहे घर हो या बाहर, न कि अपना जीवन दे करके। यह क्या सिखाना है? कम से कम मैं इसे सिरे से खारिज करता हूँ। इसे सभी समझें और सराहें।



**-जगदीश प्रसाद पाल,** उन्नाव
परास्नातक जनसंचार
मो. 9794866822

# क्या केवल राम मंदिर का चंदा ही मुद्दा है?

हाल के दिनों में मंदिरों के चंदे और उसके उपयोग को लेकर अनेक प्रकार की चर्चाएं और आरोप-प्रत्यारोप सामने आए हैं। ऐसे में मेरा एक सीधा और निष्पक्ष प्रश्न है। यदि किसी मंदिर के चंदे में अनियमितता या चोरी हुई है, तो उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। लेकिन क्या हमारी चिंता केवल एक ही मंदिर तक सीमित होनी चाहिए? देश में अनेक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हैं–राम मंदिर, वैष्णो देवी, केदारनाथ, बद्रीनाथ, महाकाल तथा अन्य ऐतिहासिक मंदिर, जिनमें से कई का निर्माण या पुनर्निर्माण अहिल्याबाई होल्कर ने कराया था। इन सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा बड़ी मात्रा में चढ़ावा और दान दिया जाता है। स्वाभाविक रूप से यह प्रश्न उठता है कि इन मंदिरों के चंदे का प्रबंधन कैसे होता है, उसका उपयोग कहाँ किया जाता है और उसकी पारदर्शिता कैसे सुनिश्चित की जाती है। यदि हमारा उद्देश्य वास्तव में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को समाप्त करना है, तो हमें किसी एक मंदिर या संस्था तक सीमित न रहकर सभी धार्मिक संस्थानों के वित्तीय प्रबंधन में पारदर्शिता की मांग करनी चाहिए। किसी भी प्रकार की चोरी या गड़बड़ी, चाहे वह किसी भी मंदिर, संस्था या संगठन में हो, उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों पर कानून के अनुसार कार्रवाई होनी चाहिए। जनहित में आवश्यक है कि सभी धार्मिक संस्थानों के चंदे के संग्रह, उपयोग और लेखा-जोखा की व्यवस्था पारदर्शी हो। इससे श्रद्धालुओं का विश्वास भी मजबूत होगा और सार्वजनिक जीवन में जवाबदेही भी बढ़ेगी। लोकतंत्र में प्रश्न पूछना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है, लेकिन प्रश्न निष्पक्ष हों और सभी के लिए समान मानदंड अपनाए जाएँ। यही स्वस्थ लोकतांत्रिक संवाद और सामाजिक विश्वास की पहचान है।



**-उदय पाल,** दिल्ली
मो. 9821189131

# सामाजिक उत्तरदायित्वों का भी पालन करना चाहिए!

जब भी किसी सामाजिक उत्थान के कार्य के लिए लोगों से सहयोग का आग्रह किया जाता है, तब कुछ लोग चुपचाप किनारा कर लेते हैं, तो कुछ का सीधा-सा जवाब होता है–'समाज हमें क्या दे रहा है? हम क्यों समाज की चिंता करें?' ऐसी सोच केवल निराशाजनक ही नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारियों से विमुख होने का संकेत भी है। ऐसे लोगों की दुनिया अक्सर अपने परिवार तक ही सीमित रह जाती है। आसपास क्या हो रहा है, समाज किन चुनौतियों से जूझ रहा है, या उसके विकास में उनका क्या योगदान हो सकता है–इन बातों से उन्हें कोई सरोकार नहीं होता। ऐसे लोगों से बस इतना कहना है कि हमसे समाज नहीं है, बल्कि समाज से हम हैं। यदि कोई पूछता है कि 'समाज हमें क्या देता है?', तो इसका उत्तर बहुत सरल है। समाज ही बेटी के लिए दामाद और बेटे के लिए बहू देता है। समाज ही हमें मित्र देता है, जीवन साथी देता है, मौसी-मौसा, मामा-मामी, फूफा, चाची, ताई, जीजा-साली, नाना-नानी, सास-ससुर, भाभी, ननद, नंदोई–न जाने कितने रिश्ते हमें समाज से ही मिलते हैं। हमारी पहचान, हमारी प्रतिष्ठा, हमारा सहयोग-तंत्र और हमारे सुख-दुख के साथी–सब समाज की ही देन हैं। सच्चाई यह है कि एक अकेला व्यक्ति अपने आप में पूर्ण नहीं होता। उसका अस्तित्व समाज से जुड़कर ही सार्थक बनता है। मनुष्य केवल पारिवारिक प्राणी नहीं, बल्कि एक सामाजिक प्राणी भी है। जिस प्रकार हम अपने परिवार की जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वाह करते हैं, उसी प्रकार समय-समय पर अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों का भी पालन करना चाहिए। एक सुदृढ़, शिक्षित, जागरूक और सहयोगी समाज ही आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित, संस्कारित और प्रगतिशील भविष्य दे सकता है। इसलिए प्रश्न यह नहीं होना चाहिए कि 'समाज हमें क्या देता है?', बल्कि यह होना चाहिए कि 'हम समाज को क्या दे रहे हैं?' क्योंकि समाज का उत्थान ही अंततः हम सभी का उत्थान है।



**-रणपाल सिंह,** मेरठ
मो. 8881119008

# महिलाओं के लिए मील का पत्थर साबित हुआ दिल्ली का कार्यक्रम


**दिल्ली।** 'स्वाभिमान शिक्षा संस्कृति समाजोत्थान न्यास' द्वारा एक ऐसा प्रथम कार्यक्रम 'कर्नाटक संघ भवन' में रखा जो महिलाओं के लिए मील का पत्थर साबित हुआ। खचाखच भरे सेमिनार कक्ष में महिलाओं का जोश देखते ही बनता था। पाल-बघेल धनगर (गडरिया) समाज की हर वह शख्सीयत वहां उपस्थित रही जो समाज का गौरव और शान का प्रतीक थी। प्रत्येक क्षेत्र में कार्यरत महिलाएं इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ा रही थीं, जिसमें गाजियाबाद से एड. ज्योति पाल, एड. उमा पाल, द. दिल्ली से एड. ज्योत्स्ना धनगर, न. दिल्ली से एड. सोनम सिंह बघेल, बल्लभगढ़ से डॉ. गीतांजलि सिंह, डॉ. पूनम रोतेला, नोएडा से डॉ. गीता सिंह, गाजियाबाद से डॉ. कनिका पाल, दिल्ली में एकमात्र पहलवान कोच एवं अंतर्राष्ट्रीय रेसलिंग प्लेयर कु. भारती बघेल, गाजियाबाद से निगम पार्षद एवं समाज सेविका श्रीमती सुमनलता पाल, फरीदाबाद से श्रीमती सुनीता सिंह बघेल, श्रीमती सविता बघेल, कादी विहार से मीना पाली, उत्तम नगर से श्रीमती सुधा सिंह, द्वारका से नीरू पाल आदि के साथ ही सीमा पाल, गीता पाल, ऊषा पाल, अमिता पाल, पूनम पाल, कुसुम पाल आदि ने शिक्षणात्मक वक्तव्य देकर और



कु. भारती बघेल ने पहलवानी से जुड़ी हुई खूबियां बताकर सम्मेलन में खूब प्रशंसा लूटी। इस मातृशक्ति सम्मेलन में दिल्ली व एनसीआर इत्यादि क्षेत्रों से महिलाएं अपने-अपने अविभावकों के साथ सम्मिलित हुईं। कुछ पुरुषों ने भी मातृशक्ति पर बहुत अच्छी-अच्छी व्याख्याएं दीं जिनमें बल्लभगढ़ से सीनि. एड. आर.एस. रोतेला, पलवल से एड. गंगाराम बघेल, बसई से आल इंडिया धनगर महासभा के उपाध्यक्ष बीरसिंह धनगर, गांव ताहिरपुर से हरिनारायण पाल आदि मुख्य थे। इस भव्य कार्यक्रम का बेहतरीन संचालन मातृशक्ति श्रीमती मिथलेश पाल (नत्थुपुरा, दिल्ली) तथा मास्टर भागमल पाली (राजपुरा, दिल्ली) ने किया। कार्यक्रम में श्रीमती मिथलेश पाल को 'स्वाभिमान शिक्षा संस्कृति समाजोत्थान न्यास' की महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष एवं भागमल पाली को संस्था का अखिल भारतीय संरक्षक बनाया गया। कार्यक्रम को राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक गड़रिया अशोक पाल ने बखूबी निर्देशित किया। संस्था के महामंत्री मनोज बघेल ने अपने ओजस्वी भाषण से सबको गदगद किया। न्यास के प्रमुख सदस्य धर्मेंद्र कुमार पाल, ब्रजमोहन पिंडवार, तेजपाल सिंह पाल, नंदलाल वर्मा एवं मनोज पाल जांटी कलां आदि ने कार्यक्रम में सहयोग किया। 'न्यास' के पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए जल्द एक और नई थीम के साथ प्रस्तुत होने के संकेत दिए। **-ब्यूरो**

# सर्वोत्तम नागरिक सम्मान से सम्मानित होंगे डॉ. देवांश धनगर

**आगरा।** श्री गिर्राज देवांशी अकादमी के संस्थापक एवं डायरेक्टर डॉ. देवांश धनगर को कंप्यूटर साइंस एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए 'सर्वोत्तम नागरिक सम्मान-2026' से सम्मानित किया जाएगा। उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान मेघाश्रेय फाउंडेशन द्वारा आयोजित भव्य समारोह में 23 अगस्त को शाम 5 बजे मुंबई स्थित द सेंट रेजिस होटल के एस्टर बॉलरूम में प्रदान किया जाएगा। इसकी जानकारी संस्था द्वारा जारी आधिकारिक आमंत्रण पत्र में दी गई है। आमंत्रण पत्र के अनुसार, डॉ. देवांश धनगर ने कम आयु में कंप्यूटर साइंस, तकनीकी नवाचार तथा डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए देशभर के विद्यार्थियों को नई दिशा देने का कार्य किया है। उनकी प्रतिभा, नवाचार



और शिक्षा के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान के लिए चयनित किया गया है। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों की कई विशिष्ट हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। श्री गिर्राज देवांश अकादमी आज शिक्षा, कंप्यूटर कोडिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), रोबोटिक्स, एबेकस, मेंटल मैथ्स एवं व्यक्तित्व विकास जैसे आधुनिक पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और व्यावहारिक शिक्षा प्रदान कर रही है। अकादमी का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर उन्हें भविष्य के लिए सक्षम और आत्मनिर्भर बनाना है। डॉ. देवांश धनगर का यह सम्मान न केवल श्री गिर्राज देवांश अकादमी, बल्कि आगरा जनपद एवं पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय माना जा रहा है। अकादमी परिवार, विद्यार्थियों, अभिभावकों और शुभचिंतकों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान युवा प्रतिभाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा और शिक्षा के क्षेत्र में अकादमी की बढ़ती पहचान को नई ऊँचाइयाँ प्रदान करेगा। **-ब्यूरो**

# कोसलीपुर में ओबीसी कम्युनिटी सेंटर का शिलान्यास

**पलवल।** 27 जुलाई को कोसलीपुर में ओबीसी कम्युनिटी सेंटर का शिलान्यास नारियल तोड़कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौरव गौतम राज्य खेल मंत्री हरियाणा सरकार रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड नंबर 10 से पार्षद तनुज कुशालीपुर ने की। वरिष्ठ अतिथि डॉक्टर यशपाल नगर परिषद पलवल रहे। मंच संचालन जयचंद बघेल ने किया। अन्य अतिथियों में सतीश बघेल प्रदेश अध्यक्ष लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर बघेल महासभा हरियाणा, सेन समाज के जिला अध्यक्ष नरेंद्र एडवोकेट, दीपक बघेल, तरुण बघेल एडवोकेट, आकाश बघेल सहित बघेल एवं सेन



समाज के गणमान्य लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच भूदेव, गिरिराज बघेल, देवेंद्र बघेल, चरण सिंह बघेल, हिमांशु बघेल, प्रिंस बघेल आदि ने भी सहयोग दिया। ओबीसी कम्युनिटी सेंटर बनाने में लगभग 98 लाख रुपये की लागत आएगी। नगर परिषद द्वारा ई-टेंडरिंग लगाकर ठेका छोड़ दिया गया है। **-सतीश बघेल**

# पूर्वजों की स्मृति में वृक्षारोपण किया



**तखतपुर।** ग्राम देवरा भाटा धूसेरा में मिलन पाल, सुखीराम पाल एवं परिजनों द्वारा माता सुखमत पाल एवं अन्य पूर्वजों की स्मृति में पीपल तथा वटवृक्ष का रोपण किया गया। नारायण प्रसाद पाली ने बताया कि यह अभियान प्रतिवर्ष युवाओं द्वारा सहयोग के माध्यम से चलाया जा रहा है। इसी क्रम में यह वृक्षारोपण संपन्न हुआ। **-ब्यूरो**

# कमल सिंह पाल का रिटायरमेंट पर स्वागत किया

**दिल्ली।** कमल सिंह पाल की रिटायरमेंट पार्टी में देवी अहिल्याबाई सामूहिक विवाह सेवा ट्रस्ट की टीम को आमंत्रित किया गया। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने कमल सिंह पाल का मोमेंटो देकर स्वागत किया और उनकी लम्बी उम्र की प्रार्थना की। यशपाल सिंह प्रधान, राम प्रकाश पाल, महेश चंद पाल, ललित कुमार पाल, गामडी पाल



धर्मशाला के अध्यक्ष एवं पाल धर्मशाला हरिद्वार के उपाध्यक्ष भूले राम पाल व लालमन पाल लस्सी वाले गाजियाबाद उपस्थित रहे। **-ब्यूरो**

# श्याम शंकर पाल को बधाई



**गुरुग्राम।** हरिकमल दर्पण के हरियाणा प्रभारी श्याम शंकर पाल उर्फ सचिन ने केन्द्र सरकार द्वारा आयोजित चार ऑनलाइन प्रतियोगिताओं में भाग लेकर प्रमाण पत्र प्राप्त किए। इस उपलब्धि के लिए उन्हें बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएँ। **-सम्पादक**

# अखिल विश्व पाल क्षत्रिय महासभा में दो पदाधिकारी मनोनीत

**हरिद्वार।** अखिल विश्व पाल क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय सिंह पाल ने लखनऊ निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता कृष्ण कन्हैया पाल सुपुत्र दयाराम पाल (पूर्व एमएलसी) को महासभा का राष्ट्रीय विधि सलाहकार मनोनीत किया है। उधर, कन्नौज के पाल चौराहा निवासी अनिल कुमार पाल को राष्ट्रीय अध्यक्ष



की संस्तुति पर प्रदेश अध्यक्ष हौसिला प्रसाद पाल ने प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। **-ब्यूरो**

# मनोज पाल ने हासिल की प्रेरणादायक उपलब्धि

**भोपाल।** मनोज पाल एक प्रेरणादायक उपलब्धि हासिल करने वाले व्यक्ति हैं, जिन्होंने एमपीपीएससी राज्य सेवा परीक्षा 2024 में 15वीं रैंक प्राप्त की। लगभग 40 प्रतियोगी परीक्षाओं में असफल होने तथा 12 वर्षों के संघर्ष के बाद वे सहायक निदेशक (वित्त) के पद पर चयनित हुए हैं। वे मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले के सिवनी मालवा के खपरिया नामक एक छोटे से गांव के रहने



वाले हैं और एक साधारण किसान परिवार से आते हैं। उन्होंने सीमित संसाधनों वाले एक स्थानीय सरकारी स्कूल में पढ़ाई की। **-ब्यूरो**

# मुंबई एसटीएफ में दो नए पदाधिकारियों की नियुक्ति

**मुंबई।** गोरेगांव पश्चिम में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान एसटीएफ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष घनश्याम पाल के निर्देश एवं मुंबई इकाई की सहमति से ललिता प्रकाश पाल को एसटीएफ मुंबई महिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं राजेश कुमार पाल को एसटीएफ मुंबई का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को एसटीएफ की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एसटीएफ मुंबई अध्यक्ष शेषधर पाल, मुंबई सचिव इंद्रमणि पाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



घनश्याम पाल, प्रकाश पाल सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। सभी उपस्थित लोगों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की आशा व्यक्त की। **-ब्यूरो**

# शुजालपुर की प्राची धनगर ने रचा इतिहास

**शुजालपुर।** प्राची धनगर सुपुत्री राजेश धनगर निवासी भोगीपुर ने कक्षा 10वीं की परीक्षा में 85% से अधिक अंक प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे शुजालपुर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्राची की इस शानदार सफलता पर शुजालपुर के विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार द्वारा उन्हें 'प्रशस्ति पत्र' प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान प्राची की कड़ी मेहनत और



लगन का परिणाम है। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। विमुक्त घुमंतू एवं अर्धघुमंतू जनजाति महासंघ की ओर से उन्हें बहुत-बहुत बधाई व हार्दिक शुभकामनाएं। **-मधुसूदन धनगर**

# नवजात शिशु को शुभकामनाएँ एवं आशीर्वाद दिया

**दिल्ली।** 26 जुलाई को माता राम बेटी वृद्धाश्रम के संचालक महानद गिरी के पौत्र के कुआँ पूजन के शुभ अवसर पर देवी अहिल्याबाई सामूहिक विवाह सेवा ट्रस्ट रजि. दिल्ली की पूरी टीम ने सहभागिता की। इस अवसर पर मंगत राम पाल, यशपाल प्रधान, बीरसिंह पाल, जे.डी. पाल, डॉ. मनोज कुमार पाल, महेश चन्द पाल एवं सतीश पाल उपस्थित रहे। ट्रस्ट परिवार के सभी



सदस्यों ने नवजात शिशु को स्नेह आशीर्वाद एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामनाएँ अर्पित कीं तथा महानंद गिरी एवं उनके समस्त परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। **-ब्यूरो**

# गडरिया धनगर (ढेंगर) समाज की बैठक संपन्न

**तखतपुर।** श्री राम मंदिर परिसर में समाज की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के विभिन्न विषय पर चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष पन्ना पाली की अध्यक्षता में हुई बैठक का संचालन प्रदीप पाली द्वारा किया गया। समाज के वरिष्ठ नागरिक नारायण प्रसाद पाली ने बताया कि बैठक में बहोरन लाल धनकर, विदेशी राम धनगर प्रदेश संरक्षक, सुंदर पाली प्रदेश उपाध्यक्ष, अजय पाली प्रदेश कोषाध्यक्ष, नारायण प्रसाद पाली प्रदेश मीडिया प्रभारी, कोमल पाली युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष, छोटू पाली जिला अध्यक्ष मुंगेली, शिव कुमार पाली, राजेश पाली,



लखन लाल धनगर, बलवीर सिंह धनगर, कल्लू पाली, मनोज धनगर, नर्मदा धनगर, दुलीचंद पाली, लक्ष्मण पाली एवं समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक का शुभारंभ लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के छायाचित्र का पूजन कर किया गया। **-ब्यूरो**

# धनगर समाज प्रदेशाध्यक्ष अनिल पाल ने किया नरसिंहपुर व भोपाल का दौरा





जबलपुर। 25 जुलाई को ऑल इंडिया धनगर समाज महासंघ मध्यप्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष अनिल धनगर अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान पूर्वांन्ह जिला नरसिंहपुर पहुंचे। सर्वप्रथम 'यादव धनगर पाल सामूहिक विवाह समिति' के संयोजक एवं सामाजिक कार्यकर्त्ता देवलाल पाल के निवास पर ऑल इंडिया धनगर समाज महासंघ के नरसिंहपुर जिलाध्यक्ष विनोद पाली, सामाजिक कार्यकर्ता एवं कांग्रेस नेता प्रदीप यादव, विनोद यादव एवं देवलाल के बड़े भ्राता द्वारका प्रसाद पाल व परिजनों ने बड़ी आत्मीयता के साथ उनका स्वागत किया। छिंदवाड़ा जिले के जुन्नारदेव में पदस्थ द्वारका प्रसाद पाल को पुलिस विभाग में एसआई के पद पर पदोन्नत होने पर अनिल पाल ने पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया एवं जबलपुर से प्रकाशित लोकप्रिय समाजिक पत्रिका 'धनगर वाटिका' की प्रति सभी को प्रदान कर जलपान ग्रहण किया। दोपहर में यहाँ के धनगर समाज जिलाध्यक्ष विनोद पाली एवं अन्य स्वजातीय बंधुओं के साथ कांग्रेस की नरसिंहपुर जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक श्रीमती सुनीता पटेल को उनके निवास स्थल गाडरवारा पहुंचकर मध्यप्रदेश में 72 लाख की आबादी को पार कर चुकी 52 लाख वोट बैंक वाली धनगर समाज के नेताओं एवं योग्य व्यक्तियों को मध्यप्रदेश गठन के बाद से लेकर अब तक लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा में टिकिट नहीं दिए जाने व संगठन में उचित प्रतिनिधित्व नहीं दिए जाने के विरोध में ज्ञापन सौंपा एवं ज्ञापन की एक प्रति कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को अग्रेषित किये जाने का आग्रह किया। इसी कड़ी में नरसिंहपुर भाजपा जिला कार्यालय पहुंचकर यहां के भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक को भी इसी आशय का ज्ञापन सौंपकर एक प्रति भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को भोपाल स्थित कार्यालय अग्रेषित किये जाने का आग्रह किया। इस अवसर पर धनगर समाज महासंघ के जबलपुर जिला अध्यक्ष गोपाल पाली भी अनिल पाल के साथ थे। उन्होंने कंदेली नरसिंहपुर में निवासरत लखन लाल पाली, सुनील यादव (अइया), राकेश पाल एवं अन्य स्वजनों से शिष्टाचार भेंट की। 26 जुलाई को प्रातः उन्होंने राजधानी भोपाल पहुंचकर एम.पी.नगर (वन) स्थित 'पाल भवन' में आश्रय लेकर संचालक नर्मदा प्रसाद पाल से कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इसके बाद दोपहर 1 बजे माता मंदिर क्षेत्र में नवनिर्मित 'पाल सभा भवन' में स्थापित कृष्ण गोवर्धन मंदिर में समाज के बड़े बुजुर्गों, पदाधिकारियों और स्वजातीय बंधुओं की उपस्थिति में भगवान कृष्ण गोवर्धन का पूजन-अर्चन कर सुख-समृद्धि व समाज के कल्याण की कामना की। इस दौरान ऑल इंडिया धनगर समाज महासंघ जिला भोपाल के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष महेश पाल और प्रदेश समन्वयक के पद पर पदस्थापित केशव राम धनगर को गणमान्य जनों की उपस्थिति में नियुक्ति पत्र प्रदान कर जबलपुर से प्रकाशित सामाजिक पत्रिका 'धनगर वाटिका' की प्रति प्रदान की गई तथा अमरनाथ यात्रा से लौटे स्वजनों का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया। मंदिर में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष ने मध्यप्रदेश में वर्ष 2028 में होने वाले विधानसभा चुनाव में समाज के योग्य नेताओं और व्यक्तियों को विभिन्न पार्टियों से टिकट दिलवाने एवं संगठन में उचित प्रतिनिधित्व हेतु अभी से संघर्ष की राह बनाने के लिए जुट जाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जयराम दास धनगर (वर्मा), अमरनाथ पाल, मंदिर समिति अध्यक्ष महेंद्र सिंह बघेल, मंदिर समिति सचिव दिनेश पाल, विनोद पाल, माता प्रसाद बघेल, रामसिया सिंह बघेल, रामसिया पाल, खैमराज पाल, घनश्याम पाल, विनोद पाल, तेजपाल सिंह बघेल, रामस्वरूप पाल, यशवंत बघेल, जसमंत बघेल (मंडीदीप), राजेंद्र पाल, धर्मेंद्र पाल, रिटायर्ड फारेस्ट एसडीओ गया प्रसाद बघेल, महेंद्र सिंह पाल सहित कई स्वजातीय बंधु उपस्थित थे। तत्पश्चात भोपाल (दक्षिण/पश्चिम) से भाजपा विधायक एवं भाजपा प्रदेश महासचिव भगवान दास सबनानी को धनगर समाज की प्रदेश में 72 लाख से अधिक जनसंख्या और 52 लाख से अधिक वोट बैंक होने के बावजूद मध्यप्रदेश गठन के बाद से अब तक लोकसभा, राज्यसभा व विधानसभा में टिकट न मिलने तथा संगठन में उचित प्रतिनिधित्व न दिए जाने के विरोध में ज्ञापन सह आग्रह पत्र सौंपा गया। साथ ही इसकी एक प्रति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को अग्रेषित करने का अनुरोध किया गया जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। प्रवास के दौरान उन्होंने भोपाल की पुलिस वायरलेस कॉलोनी में निवासरत पुलिसकर्मी युगल हेमंत व ऋतु पाल के निवास पहुंचकर कुशल-क्षेम जानी, जहां उन्हें मध्यप्रदेश सरकार की वर्ष 2026 की डायरी भेंट की गई, वहीं मंडीदीप से आए एस.एल. पाल (मास्टर साहब) और व्यवसायी जशमंत सिंह बघेल ने भी उनसे मुलाकात की। इस पूरे प्रवास के दौरान महासंघ के जबलपुर जिलाध्यक्ष गोपाल पाली भी साथ रहे। **-ब्यूरो**






**मेरठ में हरिकमल दर्पण के सदस्य बनने, समाचार, लेख, विज्ञापन आदि देने के लिए आप हमारे संरक्षकों से भी सम्पर्क कर सकते हैं-**

1. **श्री कृपाल सिंह पाल** (राष्ट्रीय सचिव, अ.भा. पाल महासभा)
   142, ऋषिपुरम, रोहटा रोड, मेरठ। मो0 9997933726
2. **सूबेदार हरपाल सिंह पाल** (पूर्व महासचिव , अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   638/50, न्यू सैनिक कॉलोनी, खिर्वा रोड, कंकरखेड़ा, मेरठ कैन्ट। मो0 9758196520
3. **श्री रमेश चन्द पाल**, पार्षद पति (संरक्षक, अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   पाल धर्मशाला, रिठानी, मेरठ। मो0 9457033344
4. **एडवोकेट रामकरण सिंह पाल** (कानूनी सलाहकार , अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   ग्राम-घाट, डॉ0-पाँचली खुर्द, जिला मेरठ। मो0 8630647665
5. **श्री जयपाल सिंह पाल**, (पूर्व पार्षद एवं पूर्व अध्यक्ष अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   सुमित्रा देवी पब्लिक स्कूल, मोहकमपुर, मेरठ। मो0 9319949709
6. **श्री सत्यपाल कलंजरी** (अध्यक्ष, अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   कार्यालय : प्लॉट नं0 11, सेक्टर-6-1, पैंठ रोड, शताब्दी नगर, मेरठ।
   निवास : बी-228, सेक्टर-1, शताब्दी नगर, मेरठ। मो0 9837182284
7. **श्री महेन्द्र पाल (मिर्ची)** (उपाध्यक्ष, अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   प्रतिष्ठानः कृष्णा ट्रेडिंग कंपनी, 75, गडोदिया मार्केट फर्स्ट फ्लोर, खारी बावली, दिल्ली-6
   निवासः 50/7, रामप्रस्थ ग्रीन, वैशाली, गाजियाबाद। मो. 8766371312, 8057545916
8. **श्री अमित कुमार पाल** (मेरठ महानगर अध्यक्ष, शेफर्ड इंडिया इंटरनेशनल)
   दुकान : शॉप नं0 2, कला मंदिर वाली गली, पैंठ एरिया, लालकुर्ती,मेरठ कैंट।
   निवास : 121/14, प्रगति नगर, दयावती एकाडेमी वाली गली, मेरठ। मो0 9927880107
9. **ठेकेदार कमल पाल सिंह** (मेरठ मंडल महासचिव, शेफर्ड इंडिया इंटरनेशनल)
   377, नई गोविन्दपुरी, कंकरखेड़ा, मेरठ कैन्ट । मो0 8006567896
10. **श्री दीपक पाल** ( अध्यक्ष, अ.भा. युवा पाल महासभा मेरठ)
   दुकानः पाल साड़ी महल, मैन मार्किट, गोलाबढ़, रोहटा रोड, मेरठ।
   निवासः ग्राम खड़ौली, मेरठ। मो0 9897876137

## निःशुल्क कानूनी सलाह लें!

पाल समाज के व्यक्तियों के लिए 'हरिकमल दर्पण' निःशुल्क कानूनी सलाह की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। इसके लिए सम्पर्क करें-

1. **श्री राजकुमार सिंह पाल एडवोकेट,**
   सी-10, पांडव नगर, मेरठ। मो0 9837474234
2. **श्री रामकरण पाल एडवोकेट**
   ग्राम-घाट, डा0-पाँचली खुर्द, मेरठ। मो0 8630647665
3. **श्री महेन्द्र कुमार पाल एडवोकेट**
   ए-20/3, रॉयल पार्क, पल्लवपुरम फेस 1, मेरठ। मो0 8954682770
4. **श्री मेहर सिंह पाल एडवोकेट**
   721, नंगलाताशी, कंकरखेड़ा मेरठ कैंट। मो. 9259444219
5. **श्री सत्येन्द्र कुमार पाल एडवोकेट**
   हाईकोर्ट सीट नं0 80, अम्बेडकर हॉल, न्यू लाईब्रेरी के नीचे, हाईकोर्ट, इलाहाबाद।
   कार्यालयः 40-ए, धर्मवीर मार्ग, सुलेम सराय, इलाहाबाद। मो0 7668937169, 9451506915
6. **श्री लखमी चंद पाल एडवोकेट**
   383, पर्वतीया कॉलोनी, एन.आई.टी, फरीदाबाद। मो. 9811444654
7. **एडवोकेट नीरज पाल**
   फ्लैट नम्बर 1 बी, डी.आई.जेड एरिया, ब्लॉक 50, सेक्टर 2, काली बाड़ी मार्ग,
   कनॉट प्लेस, दिल्ली-110001, मो.9911752988
8. **श्री सुभाष पाल एडवोकेट**
   पाल सेवा समाज, एस.आर. मॉडर्न स्कूल एंड एजुकेशन, CPJ 2nd, 59 न्यू सीलमपुर, दिल्ली-110053,
   मो. 9818744044, 8700153018 (WWW.PAL333.COM)
9. **श्री राजीव कुमार पाल एडवोकेट**
   चैंबर नं.19, हाईकोर्ट, प्रयागराज, मो. 9368267447,8533029001
10. **एडवोकेट विवेक पाल 'टाइगर'**
   टेबिल नंबर 8, ओल्ड लाइब्रेरी, उत्तरी बरामदा, हाईकोर्ट, इलाहाबाद, मो. 9559695244, 8181859252

## हमारे जनपद प्रतिनिधि

1. **गाजियाबाद में** श्री बी.के.एस. पाल मो. 9650577367
2. **गौतमबुद्धनगर में** श्री रमेश पाल खोदना मो. 9899261957
3. **अलीगढ़ में** श्री योगेश कुमार सिंह पाल मो. 9412593896
4. **लखीमपुर खीरी में** श्री अमित पाल धनगर मो. 9621968244
5. **रीवा (मध्य प्रदेश) में** श्री मोती लाल पाल मो. 9584634770
6. **गुड़गांव (हरियाणा) में** श्री राम नरेश पाल, मो. 9810967600
7. **लखनऊ में** श्री पी.के. सिंह पाल मो. 9839423719; श्री बिंदेश्वरी प्रसाद पाल मो. 9450503655
8. **सोनीपत (हरियाणा) में** श्री फत्ते सिंह पाल मो. 8816867995
9. **भोपाल में** श्री नर्मदा प्रसाद पाल मो. 9993090768
10. **भागलपुर में** श्री मनमोहन लाल पाल मो. 8004924005
11. **जौनपुर में** श्री नीलम विकास पाल मो. 8957422574
12. **हरदोई में** श्री अमित सिंह पाल मो. 8887655467
13. **इटावा में** श्रीमती विनीता पाल मो. 9891741859
14. **औरैया में** श्री मनीष पाल मो. 9758562193
15. **ललितपुर में** श्री इन्द्रपाल सिंह मो. 9695037944, 9793791944; श्री रामेश्वर पाल सिमिरिया मो. 9889577860
16. **इंदौर में** श्री दिनेश पाल मो. 8889363636
17. **जबलपुर में** श्री अनिल धनगर मो. 9165202780
18. **फरीदाबाद में** श्री देवेन्द्र कुमार होलकर मो. 9910813294
19. **फर्रुखाबाद में** श्री आवेश पाल मो. 8887698240, 9956966596
20. **मुजफ्फरनगर में** श्री शरद पाल उर्फ अभिषेक मो. 9690501498
21. **कन्नौज में** श्री राघवेन्द्र कुमार पाल मो. 708583085
22. **शाहजहाँपुर में** श्री के.पी. सिंह मो. 8840196328
23. **कौशाम्बी में** श्री श्याम कुमार पाल मो. 9621055595
24. **पलवल में** श्री नरेश कुमार बघेल मो. 8053024093; प्रोफेसर (इंजी.) भजनलाल हंस बघेल मो. 9588523484
25. **मऊ में** श्री हरिश्चंद पाल मो. 9454728541
26. **फिरोजाबाद में** श्री अनूप कुमार बघेल मो. 9557673320
27. **बिजनौर में** श्री ब्रजपाल धनगर पत्रकार मो. 9927622327, 8840524330
28. **मथुरा में** श्री संजय धनगर मो. 9412661310
29. **अयोध्या में** श्री अंजनी कुमार पाल मो. 9839500920
30. **ठाणे में** श्री अनुराग राजनरायन पाल मो. 8898985378
31. **हापुड़ में** श्री संजय पाल धनगर मो. 8868894986, 9811410592
32. **छतरपुर में** श्री रूपेन्द्र पाल मो. 9977727589, 9926102284
33. **आगरा में** श्री हरिओम बघेल (बग्गी) मो. 9411258358
34. **वाराणसी में** श्री इन्द्रदेव पाल मो. 8574027460
35. **उज्जैन में** श्री नरेन्द्र पाल मो. 9074404421
36. **देवरिया में** श्री सूरज प्रसाद पाल मो. 9415384697
37. **उन्नाव में** श्री जगदीश प्रसाद पाल मो. 9794866822 9452036460
38. **मुरादाबाद में** श्री प्रदीप कुमार सिंह पाल मो. 9917558093,
39. **प्रतापगढ़ में** श्री धर्मेन्द्र कुमार पाल मो. 9919077729, 9621073200
40. **गोडा में** श्री मुखराम पाल मो. 9455453381, 9457341699
41. **भदोही में** श्री रवि प्रकाश पाल मो. 9451013781, 6394188797
42. **सीतापुर में** श्री आदित्य प्रकाश पाल मो. 9695207197
43. **पुणे में** श्री रणवीर सिंह बघेल मो. 9423245315
44. **बीकानेर में** श्री देवेन्द्र पाल सिंह मो. 9950564478
45. **प्रयागराज में** डॉ. कुमार रमेश मो. 8887957618
46. **लुधियाना में** डॉ. साधू राम पाल मो. 9888100609
47. **फिरोजाबाद में** श्री पहुंची लाल धनगर मो. 8755812543
48. **हाथरस में** श्री लाखन सिंह बघेल मो.9811748774
49. **चित्रकूट में** श्री शत्रुघन प्रताप पाल मो. 7991440776

## युवा शक्ति की हुंकार!

छात्रों ने मांगा हक अधिकार
दिल्ली में हुई लाठी का बौछार।
रामराज के नाम शासक हो रहा मगरूर।
रामराज का सपना देखो हो गया चूर-चूर।
शिक्षा बड़ा व्यवसाय है आज,
भ्रष्टाचार का पर्याय है आज।
शिक्षा के नाम पर मची है लूट,
देश का छात्र हो रहा मजबूर।
संघ शक्ति ने किया कमाल
मंत्री का हुआ हाल बेहाल।
मत टकराना युवा शक्ति से
काम न आई लाठी की बौछार।



**-नारायण प्रसाद पाली**
प्रांतीय प्रतिनिधि, छत्तीसगढ़
मो. 9575761235

## वंदेमातरम...

भूल गए तहजीब हिन्द की
क्यों शील सभ्यता भूल गये?
भूल गए परिपाटी अपनी
क्या शिष्ट संयमिता भूल गये?
जिन अधरों पर भारत माँ के
गौरव का जयघोष नहीं।
भाषा भूल रही मर्यादा
रहा तनिक भी होश नहीं।
देश विरोधी बड़ी ताकतें
सत्ता के सौदागर आये।
सियासी रोटियां लगे सेंकने
कुछ स्वांगी बाजीगर आये।
नहीं पीर से सरोकार था
केवल वोटों के व्यापारी।
मन पीड़ा है बड़ी चुभन है।
भोली जनता हुई आभारी।
जिस धरनी की धूल है चंदन
जल है गंगाजल पावन।
जिसकी गोद सजी वीरों से
उसको कहे अशुद्ध वचन।
जिस थाली में खाया हमने
उसी थाल में छेद किया।
जिस माटी से पाया जीवन
सीना उसका भेद दिया।
सत्ता से संघर्ष उचित है
अन्यायों पर प्रहार करो।
भारत माँ की अस्मिता से
नहीं घृणित व्यवहार करो।
गाली से परिवर्तन होते गर
इतिहास बदल जाता।
शीश नहीं बलिवेदी चढ़ते
मुक्त हिन्द ना हो पाता।
राष्ट्र भाव प्रबलता में हो
और सद्भावना साथ रहे।
दोष रहित कर्तव्य पथ हो
तभी तिरंगा हाथ रहे।
आहत मन से चली लेखनी
पक्ष-विपक्ष की बात नहीं।
राष्ट्र भाव है प्रथम कर्तव्य।
सचिन पाल की सौगात यही।



प्रस्तुति : **श्याम शंकर पाल उर्फ सचिन**
हरिकमल दर्पण हरियाणा प्रभारी
पाल एकता मंच राष्ट्रीय सचिव
भारतीय जीवन बीमा निगम
सीनियर इंश्योरेंस एडवाइजर
मो. 9891441417, 9999007349

## हमारे वार्षिक सदस्य

**(गतांक से आगे)**

358. श्री मिलन पाल (फार्मासिस्ट) सुपुत्र सुखीराम पाल ग्राम-देवारभाटा (धूसेरा), पोस्ट-सिवनी, ब्लॉक-अभनपुर, जिला रायपुर

### मेरठ में 'हरिकमल दर्पण' अब यहाँ भी उपलब्ध

- **पाल बुक सेंटर**
  रेलवे रोड चौराहा, मेरठ
- **पाल जनरल स्टोर**
  467, प्रभात नगर, मेरठ
- **अमित डेयरी एण्ड कन्फैक्शनरी**
  सी-46, श्रद्धापुरी फेस-2, कंकरखेड़ा, मेरठ
- **सिद्धबली प्रोपर्टीज**
  ग्राम-गोकुलपुर, गढ़ रोड, मेरठ

## देवेन्द्र के. होलकर ने जीता 'चलो सोमनाथ' पुरस्कार



**फरीदाबाद।** भारतीय जीवन बीमा निगम ने उत्कृष्ट कार्य करने के लिए देवेन्द्र के. होलकर का 'चलो सोमनाथ' पुरस्कार के लिए चयन किया है। देवेन्द्र के. होलकर भारतीय जीवन बीमा निगम में चीफ लाइफ इंश्योरेंस एडवाइजर हैं। इस उपलब्धि के लिए उन्हें हरिकमल दर्पण परिवार की ओर से बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएँ। **-सम्पादक**

## प्रमोद कुमार बघेल सम्मानित



**गाजियाबाद।** इंजीनियर प्रमोद कुमार बघेल को 'नारायण सेवा संस्थान' उदयपुर के राष्ट्रीय शाखा प्रमुख डॉ. विवेक गर्ग द्वारा सेवा कार्यों के लिए कैथल में 26 जुलाई को सम्मानित किया गया। हरिकमल दर्पण परिवार की ओर से उन्हें बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएँ। **-सम्पादक**

## पाये समझ थे कितने उन्हें!

**(मधुगीति 260802 B) 4:53**

पाये समझ थे कितने उन्हें,
समझे वे जिन्हें;
जीवन-प्रयोग झाँकियों में,
विचरत भव में!
हर पल प्रवासी श्वांस रही,
आश बहु रहीं;
विश्वास कितने आए गए,
बहावों बहे!
बन विहग कभी जीव चला,
ब्रह्म सरोवर;
झाँके रहे थे आत्म धरे,
कितने कलेवर!
हर झाँका ताका औ तराशा,
अपने तरीके;
खुद बदल गया विनिमय बिच,
लखे झरोखे!
किरदार किरायेदार हर ही,
विश्व भुवन में,
'मधु' देखे उन्हें जैसे 'उन्हें'
आत्म लोक में!



**-डॉ. गोपाल बघेल 'मधु'**
टोरोंटो, ओंटारियो, कनाडा
www.GopalBaghelMadhu.com

## ये समाज हित थोड़ी

तुम गा रहे गुणगान दूसरे के
ये समाज हित थोड़ी है।
तुम ताकत बढ़ा रहे दूसरों की
ये समाज रक्षा थोड़ी है।
सताया समाज मेरा वर्षों से
चटनी चाटकर वोट दे दूसरों को
ये समाज को आगे बढ़ाना थोड़ी है।
टांग खींचकर भाईयों की
तारीफ कर दुराचारियों की
समझदारी थोड़ी है।
लालच में समाज का उनको वोट दिलवाया।
हिन्दू-मुस्लिम तुमने
कराया।
राम नाम का नारा देकर
मनुवादी से राम का खजाना लुटवाया
ये कोई धर्म थोड़ी है।
मनुवादी समाज पर अत्याचार करें
उस पर क्यों तुम चुप्पी करें
ये कोई बहादुरी थोड़ी है।



**-सतबीर बघेल,** जेवर
मो. 8800120437

## आदि-निवासी चरित्रवान हम गड़रिये!

ज्ञान, धन, प्रभुत्व में है आगे हर समाज!
उन्नति में सबसे पीछे, हम गड़रिये आज!
अजंता, अमरनाथ की खोज हमने की
घुसपैठियों की टोह सेनाओं को हमने दी
आ गए हम हाशिए पे, गड़ गए कई राज!
उन्नति में सबसे पीछे, हम गड़रिये आज!
गोचर गए, गड़रियों से भेड़ छूट गए
बस्तियाँ, दफ्तर बने, रेवड़ ही घट गए
हम घुमंतु, आदिजन, न सुध ले राज-काज!
उन्नति में सबसे पीछे, हम गड़रिये आज!
शोषण व अन्याय का, संबंध जातिगत
समता का, राष्ट्रवाद का, अनुबंध जातिगत
गाँव क्या संसद में भी, दबती छोटी जात!
उन्नति में सबसे पीछे, हम गड़रिये आज!
समाज दबे-कुचलों का, जो बोलने लगा
मजबूत, क्रूर पंजा, गला घोंटने लगा
नरसिंह न आए कोई, चाहे मरे प्रहलाद!
उन्नति में सबसे पीछे, हम गड़रिये आज!
गोचरों को गोचरों से, अलग कर दिया
अभयारण्य, गाँव, मठ, उद्योग भर गया
गड़रियों के हाथों से गई शिक्षा, काम-काज!
उन्नति में सबसे पीछे, हम गड़रिये आज!
आदि-निवासी, चरित्रवान हम गड़रिये
भेड़, अजा, गाय, भैंस पालें गड़रिये
अनार्य और अनाड़ी कह, ढकेला मनुवाद!
उन्नति में सबसे पीछे, हम गड़रिये आज!
गोचरों को छीना, श्रेष्ठ सभ्यताओं ने
रक्तबीज बनके घेरा,
समस्याओं ने
दर्दभरी चीखें अनसुना
किया हर ताज!
उन्नति में सबसे पीछे,
हम गड़रिये आज!



**-जोहन पाल,** सेंदरी, बिलासपुर
मो. 7974025985

**लघुकथा**

## अपनों का दर्द...


सिपाही चमन लाल का मोबाइल फोन बज उठा, शायद उसकी माँ बोल रही थी, दुःखी और घबराई हुई। 'हल्लो-हल्लो... हाँ माँ क्या बात है? क्या हुआ?' 'बेटा! तुम जल्दी छुट्टी लेकर आ जाओ तुम्हारे पिताजी हॉस्पीटल में हैं' फफक-फफक कर रोते हुए...बस इतना ही बोल पाई बेचारी सावित्री। इतना सुन चमन लाल दौड़ता-हांफता हॉस्पीटल पहुंचा। अपने पिता की हालत देख चमन लाल चीख पड़ा- 'किसने...किसने! मारा पिताजी को माँ...हा-हा पिताजी'...सफेद पट्टियों से पैक पूरे जिस्म को देख चमन लाल अपना आपा खो बैठा और धड़ाम से फर्श पर पसर गया। 'बाजार गए थे सामान लेने, वहाँ किसान भूख हड़ताल किए अनशन पर बैठे थे कि तभी पुलिस ने उन पर लाठी चार्ज कर दिया और किसानों की भीड़ में तुम्हारे पिताजी फंस गये। एक शराबी कांस्टेबल ने पीट-पीट कर यह हालत बना दी है तुम्हारे पिताजी की...!' यह घटनाक्रम सुनते ही चमन लाल दंग रह गया। कल रात उसने भी तो पूरे जोश और जुनून से उन्हीं किसानों को पीटा था। उसे क्या पता था कि उसी भीड़ में उसके पिता उसके किसी साथी के हाथों सरकारी डंडे खा रहे थे। आज उसे पता चला कि ठीक इसी तरह न जाने कितने बूढ़े बाप घायल-मरणासन्न पड़े-पड़े तड़प रहे होंगे, कितनों के पास अस्पताल जाने तक के पैसे न होंगे। हमें तो ऊपर से ऑर्डर मिला और हमने अपनों को ही पीट डाला। चमन लाल महसूस कर रहा था अपनों का दर्द।



**-मुकेश कुमार ऋषि वर्मा**
गाँव-रिहावली, डाक-तारौली गुर्जर,
फतेहाबाद, आगरा-283111
मो. 9627912535
















# सत्यम पाल ने मलेशिया में बढ़ाया देश का गौरव

**प्रयागराज।** बेंगलुरु स्थित आईआईबीएस कॉलेज में बीबीए द्वितीय वर्ष के छात्र एवं प्रसिद्ध कवयित्री डॉ. संगीता पाल के छोटे सुपुत्र सत्यम पाल का चयन मलेशिया के प्रतिष्ठित यूसीएसआई विश्वविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के लिए हुआ। यह उपलब्धि उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन, कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम मानी जा रही है। इस अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक भ्रमण में आईआईबीएस कॉलेज के अन्य छात्र-छात्राओं के साथ दो संकाय सदस्य भी शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान सत्यम पाल ने विश्वविद्यालय में आयोजित विभिन्न शैक्षणिक सत्रों तथा चार



संवादात्मक कक्षाओं में सक्रिय सहभागिता की। इन कक्षाओं में आधुनिक प्रबंधन, उद्यमिता, नवाचार, नेतृत्व विकास और वैश्विक व्यापार जैसे विषयों पर विशेषज्ञ शिक्षकों ने व्याख्यान दिए। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों पर समूह प्रस्तुतिकरण तैयार कर प्रस्तुत करने का अवसर भी मिला। इससे सत्यम पाल के नेतृत्व, टीम भावना, संवाद कौशल और आत्मविश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक वातावरण में अपने विचार प्रस्तुत करना उनके लिए प्रेरणादायक अनुभव रहा। शैक्षणिक गतिविधियों के साथ उन्होंने मलेशिया की समृद्ध संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहरों और प्रमुख पर्यटन स्थलों का भी भ्रमण किया, जिससे उनके वैश्विक दृष्टिकोण का विस्तार हुआ। कार्यक्रम के समापन पर यूसीएसआई विश्वविद्यालय मलेशिया द्वारा सत्यम पाल को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार, शिक्षकों, सहपाठियों और शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। -ब्यूरो

## धनगर महापंचायत में हक अधिकार बताए गए

**टूंडला।** 26 जुलाई को धनगर महासभा उत्तर प्रदेश के बैनर तले रामपुर कटेलिया और विभिन्न गांवों में धनगर महापंचायत आयोजित की गई जिसमें हक अधिकार बताए गए। धनगर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष व मानव अधिकार सर्वेक्षण के अध्यक्ष भंवर सिंह धनगर एडवोकेट ने महापंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि शासनादेश के तहत प्रमाण पत्र प्रशासन द्वारा ना बनाए जाने पर करो या मरो की रणनीति अपनानी होगी। इसके लिए धनगर समाज को एकजुटता दिखानी होगी, नहीं तो शासनादेश अस्तित्वहीन हो जाएगा। धनगर समाज के यूथ ब्रिगेड, शिक्षक संघ, श्रमिक संगठन, महिला संगठन, मीडिया संगठन, वरिष्ठ समाजसेवी संगठित हों तभी समाज अपनी आवाज



हक के लिए बुलंद कर सकेगा। बैठक में शिक्षा पर विशेष ध्यान देने पर और सामाजिक कुरीतियों को भाईचारा बनाकर खत्म करने के लिए रणनीति बनाई गई। महापंचायत में अभिषेक धनगर, रमेश चंद धनगर, कृष्णपाल धनगर, हरिसिंह धनगर, कैलाश सिंह, तारा सिंह धनगर, सीमा धनगर, यशोदा देवी धनगर, सुनीता धनगर, आकाशगंगा धनगर, सोना देवी धनगर, प्रेमचंद धनगर, प्रवीण धनगर, गुड्डी देवी धनगर, सचिन धनगर, बालवीर धनगर आदि मौजूद रहे। -ब्यूरो

## साहित्य धारा सम्मान से सम्मानित हुए नारायण प्रसाद पाली

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ दंडकारण्य साहित्य परिषद के संस्थापक व प्रदेश अध्यक्ष सुरेश बंछोर तथा रतन कीर्तनिया महासचिव ने पावस काव्य संगोष्ठी में छत्तीसगढ़ व महाराष्ट्र के कवियों के साथ शानदार



प्रस्तुति के लिए साहित्य धारा सम्मान से नारायण प्रसाद पाली साहित्यकार को सम्मानित किया। नारायण प्रसाद पाली की रचनाएं हिंदी व छत्तीसगढ़ी में कविता, लेख, लघु कहानियां एवं समसामयिक विषयों पर राष्ट्रीय स्तर पर हरिकमल दर्पण व अन्य समाचार पत्रों में वर्षों से प्रकाशित हो रही हैं। उन्हें साहित्य समिति के अध्यक्ष, सदस्य एवं मित्रों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। हरिकमल दर्पण परिवार की ओर से उन्हें बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएँ। -सम्पादक

## पंडित अमृतलाल दुबे की जयंती मनाई

**बिलासपुर।** लोक साहित्यकार पंडित अमृतलाल दुबे की जयंती यहां संस्कार भवन सरकंडा में धूमधाम से मनाई गई। मुख्य अतिथि आशुतोष चतुर्वेदी मुख्य कार्यपालन अधिकारी व न्यायमूर्ति चंद्रभूषण वाजपेई रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद डॉक्टर विनय पाठक ने की। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर अभिलाषा बेहार सचिव छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग रायपुर, श्याम लाल निराला प्राचार्य, डॉक्टर संजय शर्मा संस्थापक अध्यक्ष डीएलएस महाविद्यालय द्वारा लोक कलाकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। द्वितीय सत्र में काव्य पाठ उपरांत नारायण प्रसाद पाली (साहित्यकार) द्वारा अतिथियों का सम्मान साहित्य भेंटकर किया गया। बड़ी संख्या में प्रदेश के साहित्यकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर राम निहोर राजपूत, रामकुमार श्रीवास, मनोहर दास मानिकपुरी, श्रीमती





अनामिका शर्मा शशि रायपुर का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में कवि शीतल पटनवार, सनत तिवारी, महेंद्र दुबे, डॉ. विवेक तिवारी, राकेश सोनार आदि कवियों ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शिक्षाविद डॉक्टर विनय पाठक ने सभी साहित्यकारों, कलाकारों एवं कवियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए इस परंपरा को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। -नारायण प्रसाद पाली

## छत्तीसगढ़ी भाषा में विधानसभा का संचालन करने की मांग

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ी भाषा को विकसित करने तथा छत्तीसगढ़ के करोड़ों निवासियों के स्वाभिमान के लिए नारायण प्रसाद पाली (साहित्यकार) द्वारा विधानसभा छत्तीसगढ़ का सत्र संचालन, कार्यवाही का लेखन एवं प्रसारण छत्तीसगढ़ी भाषा में ही करने हेतु विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को ज्ञापन प्रेषित किया गया। -ब्यूरो

## अनिल कुमार होलकर बने अमित शाह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश मंत्री



**गाजियाबाद।** अमित शाह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय महामंत्री अश्मित शुक्ला ने समाजसेवी अनिल कुमार होलकर को संगठन में उत्तर प्रदेश का प्रदेश मंत्री मनोनीत किया है। इस सम्बन्ध में 2 अगस्त को उनका नियुक्ति पत्र जारी किया गया। हरिकमल दर्पण परिवार की ओर से उन्हें बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएँ। -सम्पादक

## समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश सचिव बने जितेंद्र पाल

**कन्नौज।** छिबरामऊ क्षेत्र के युवा नेता जितेंद्र पाल को समाजवादी युवजन सभा उत्तर प्रदेश की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति तथा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की संस्तुति पर युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरी द्वारा जारी मनोनयन पत्र के माध्यम से की गई। जितेंद्र पाल ग्राम खानपुर कुर्मी पोस्ट लोधीपुर के निवासी हैं। उनकी नियुक्ति की खबर मिलते ही उनके समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई तथा उन्हें बधाइयां देने का



सिलसिला शुरू हो गया। नवनियुक्त प्रदेश सचिव जितेंद्र पाल ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है उसे वह पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से निभाते हुए पार्टी को और मजबूत करने का प्रयास करते रहेंगे। -ब्यूरो

# मेरठ कैंट से आसपा प्रत्याशी होंगे संजीव पाल

**मेरठ।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने युवा नेता संजीव पाल को मेरठ कैंट विधानसभा सीट का प्रभारी बनाया है, उम्मीद है कि आगामी चुनाव में वही पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी होंगे। संजीव पाल को प्रत्याशी बनाए जाने से क्षेत्र के पाल समाज में जबर्दस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्हें बड़ी संख्या में लोगों ने जहां बधाई दी है वहीं चुनाव जिताने के लिए भरपूर समर्थन देने का भी आश्वासन दिया है। उल्लेखनीय है कि संजीव पाल एक जुझारू नेता हैं जो लम्बे समय से राजनीति व समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। आसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट चन्द्रशेखर आजाद के भी वे अत्यंत विश्वासपात्र रहे हैं। हालांकि मेरठ कैंट विधानसभा सीट को भारतीय जनता पार्टी का मजबूत गढ़ माना जाता है लेकिन इस बार संजीव पाल इस सीट का इतिहास बदल दें तो किसी को हैरानी नहीं होगी क्योंकि उन्हें गडरिया समाज के साथ



ही अन्य सभी वर्गों का भी भारी समर्थन मिलने की उम्मीद है। -ब्यूरो

## लखनऊ में धनगर महासभा ने ज्ञापन सौंपा

**लखनऊ।** 26 जुलाई को लखनऊ में राष्ट्रीय धनगर महासभा की बैठक संपन्न हुई। इस मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तथा सीआरपीएफ के जवान मौजूद रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी धनगर द्वारा धनगर सर्टिफिकेट बनाने के संबंध में शासन को ज्ञापन सौंपा गया। धनगर समाज के लोग विभिन्न जनपदों से आए हुए थे। धनगर सर्टिफिकेट के मुद्दे पर



जल्द ही शासन-प्रशासन द्वारा निर्णय लिया जाएगा तथा मुख्यमंत्री से मिलने के लिए आश्वासन मिला। -ब्यूरो

## बरखा राम से मिली लुधियाना गडरिया समाज की टीम

**चंडीगढ़।** विमुक्त जाति वेलफेयर बोर्ड पंजाब के अध्यक्ष बरखा राम पाल से उनके निवास स्थान पर लुधियाना गडरिया समाज की टीम ने मुलाकात की और पाल गडरिया समाज के उत्थान के बारे में और उनके हक अधिकार के बारे में बहुत सारे मुद्दों पर वार्तालाप की। इनमें लुधियाना पाल समाज के प्रधान राजबहादुर पाल, शिवनाथ पाल, संदीप पाल, भूपेंद्र प्रताप पाल, अर्चना पाल, संगीता पाल, जानकी पाल, रचना पाल, अंजलि रानी पाल, रजनी पाल, नन्दनी पाल आदि शामिल थे। प्रधान राज



बहादुर पाल ने समाज के लोगों से अपील की कि देश में शीघ्र ही जनगणना होनी है, जनगणना में सरनेम के आगे गडरिया ही लिखना है। बरखा राम पाल ने समाज के लोगों को आश्वासन दिया कि वे हरसंभव मदद गडरिया समाज की करेंगे। -श्याम शंकर पाल

## स्वाभिमान शिक्षा संस्कृति ट्रस्ट ने दो बच्चों को दिए स्कूल बैग व ड्रेस

**दिल्ली।** स्वाभिमान शिक्षा संस्कृति ट्रस्ट रजि. दिल्ली के द्वारा गांव वजीराबाद गली न-16 आर.डब्ल्यू.ए. के ऑफिस पर 2 जरूरतमंद बच्चों को स्कूल बैग, ड्रेस (पैंट, शर्ट जुराब, बैल्ट, शूज) वितरण की गई जिससे बच्चों की पढ़ाई निरंतर जारी रहे। इस अवसर पर राम प्रकाश, महेश चन्द पाल, ललित कुमार, यश पाल, फतेह सिंह, भानु प्रताप, मास्टर भेगराज कसाना, मास्टर जितेन्द्र त्यागी,



एडवोकेट सुरेन्द्र छोकट एवं समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। ट्रस्ट के अध्यक्ष महेश चन्द पाल ने कहा कि हमारा निरन्तर प्रयास है कि बच्चों की पढ़ाई पैसो के कारण न रुके। -ब्यूरो

## रंजना पाल बनीं सपा महिला सभा की प्रदेश सचिव

**प्रयागराज।** रंजना पाल (ड्रोन पायलट) को समाजवादी पार्टी महिला सभा उप्र राज्य की कार्यकारिणी में सचिव मनोनीत किया गया है। सपा प्रदेश सचिव बनाए जाने पर ड्रोन पायलट रंजना पाल को लोगों ने बधाईयां दी हैं। बधाईयां देने वालों में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश बघेल, पूर्व विधायक राजकुमार पाल, पूर्व सांसद राजाराम पाल, हेमंत प्रधान, सर्वेश बाबू गौतम, रानू पालीवाल, ब्लाक प्रमुख मिथलेश यादव, राम नरेश यादव पूर्व ब्लाक प्रमुख, राष्ट्रीय



महासचिव पल्लवी पाल, अनिल यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष शिवनाथ यादव, अनवर कुरैशी, रवि प्रधान, अमन त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य दरोगा जी एवं अखिलेश यादव उर्फ कल्लू भईया, जिला पंचायत सदस्य शैलेंद्र यादव, मीरा यादव प्रधान, पूर्व प्रधान गुहा यादव, प्रधान गौरव, बीडीसी योगेंद्र पाल, पूर्व जिला अध्यक्ष रेखा पाल, अंकित खरे, अनामिका शर्मा, जिलाध्यक्ष बबलू शाक्य, नमिता अस्थाना, राजू शाक्य, शिवकुमार शर्मा, मो. इरशाद, सुशील वर्मा, उत्तम सिंह दोहरे, सतेंद्र गौतम आदि प्रमुख हैं। -ब्यूरो

मो. 9837511441
गुरु कृपा रेफ्रिजरेशन
एसी एवं फ्रिज के स्पेयर पार्ट्स के विक्रेता
मैन रोड, फूलबाग कॉलोनी, मेरठ
मै. संजीव कुमार एण्ड कम्पनी
सब्जी के फुटकर व थोक विक्रेता
ओमप्रकाश : 9917448067, सतीश पाल : 9837511441
रिंकूपाल : 9837307118, अमित पाल : 9719242419
दुकान नं.-49, नवीन सब्जी मण्डी, देहली रोड, मेरठ



Dr. Tejpal Singh
Mob: 9927222349
9927561460
Aakash Singhal
Mob: 8057137000
7983634110
MADHU NURSING HOME
ALL T.P.A. CASHLESS FACILITY AVAILABLE
44-A, NAI SARAK, SHASTRI NAGAR, MEERUT

क्या आप
PAL PROPERTY — GROW TOGETHER
Pal Property
के नाम से काम करना चाहते हैं?
हमारे साथ जुड़ें और अपना रियल एस्टेट बिज़नेस नई ऊँचाइयों तक ले जाएं
सिर्फ ₹5,000 रुपये में !
आपको मिलेगा ये सब :
आपकी अपनी वेबसाइट
आपका अपना ऐप
पूरा सीआरएम पैनल
लीड, इन्वेंटरी और संपर्क प्रबंधन
टीम मॉनिटरिंग सिस्टम
पेशेवर टीम का समर्थन
विज्ञापन और सोशल मीडिया मार्गदर्शन
अपना रियल एस्टेट बिजनेस आज ही शुरू करें – न्यूनतम निवेश में अधिकतम वृद्धि!
सीमित ऑफर अभी संपर्क करें! 7251060060

## हमारे राष्ट्रीय प्रतिनिधि

श्री रूपेश पाल
मो. 7404131706

## हमारे प्रांतीय प्रतिनिधि

1. **महाराष्ट्र में**
   श्री सुशील कुमार पाल
   मो. 9999525007
2. **उत्तराखण्ड में**
   1. श्री विजय सिंह पाल
   मो. 9548489681, 9760339669
   2. श्री वेदप्रकाश पाल
   मो. 8077898033
3. **दिल्ली में**
   श्री प्रेम सिंह पाल
   मो. 9871172373, 7982960892
4. **हरियाणा में**
   श्री श्याम शंकर पाल (सचिन)
   मो. 9891441417
5. **उत्तर प्रदेश में**
   श्री संतोष कुमार पाल
   मो. 9193921911, 9621191911
6. **छत्तीसगढ़ में**
   श्री नारायण प्रसाद पाली
   मो. 9575761235
7. **पंजाब में**
   1. श्री संदीप कुमार पाल
   मो. 9023982213
   2. श्री बरखा राम
   मो. 7889258023
7. **तेलंगाना में**
   श्री रवि कुमार बघेल
   मो. 9000778445

## हमारे क्षेत्रीय प्रतिनिधि

1. **मुरादनगर में**
   श्री भूपेन्द्र कुमार पाल
   मो0 8527763254
2. **नरोरा में**
   श्री विजेन्द्र सिंह धनगर
   मो0 8650075728
3. **पहासू में**
   श्री चन्दन सिंह धनगर
   मो.9457004562, 7529946519
4. **बिलग्राम में**
   श्री विपिन कुमार पाल
   मो. 9582620008
5. **कन्नौज में**
   श्री बृजमोहन पाल
   मो. 9956090492
6. **महरौनी में**
   श्री कोमल पाल
   मो. 8127190960
7. **शाहजहाँपुर में**
   श्री रामकुमार पाल
   मो. 7042873133
8. **खतौली में**
   श्री सुन्दर पाल एडवोकेट
   मो. 9719847171, 8077129237
9. **साहिबाबाद में**
   श्रीमती गीता रानी पाल
   मो. 9354336067, 7982179272
10. **रोहिणी (दिल्ली) में**
    श्री मनोज कुमार पाल
    मो. 9313779070
11. **उन्नाव में**
    श्री आकाश पाल
    मो. 6391192033,7071726209
12. **बार (ललितपुर) में**
    श्री नीलेश कुमार पाल
    मो. 7985946865
13. **ललितपुर नगर में**
    श्री संतोष कुमार पाल
    मो. 8009679179
14. **गुरुग्राम में**
    श्री संतोष पाल
    मो. 9891091188
15. **सोहना (गुरुग्राम) में**
    श्रीमती अंजली पाल
    मो. 8700170392

प्रो. मूलचंद पाल कविश पाल
ZEW
www.zew.co.in
www.bathfittings.co.in
मो. 9837170164
GSTIN:09AJLPC7402N1ZY
श्री नव दुर्गा सेनेट्री स्टोर
एफ-17, गेट नं.2, नंद विहार, रोहटा रोड, मेरठ

राजेन्द्र पाल (गेसूपुर वाले)
9627004403
9760420903
अनुराग चौहान
8445569975
9927470204
सिद्धबली प्रोपर्टीज
मकान, दुकान, प्लाट, कोठी, कृषि फार्म,
खरीदने व बेचने के लिये सम्पर्क करें
ग्राम-गोकुलपुर, निकट दतावली मोड़, गढ़ रोड, मेरठ

धर्मपाल गडरिया
दीपक पाल
रोशन पाल
रवि पाल
नीरज पाल
9012060051
9897876137
9738402838
9012258696
9808180605
पाल साड़ी महल
(प्रधान जी खड़ौली वाले)
सभी प्रकार की वैवाहिक साड़ियाँ,
सूटिंग-शर्टिंग, लहंगा-चुनरी आदि के विक्रेता
मैन मार्किट, गोलाबढ़, रोहटा रोड, मेरठ

## हमारी खाता संख्या

किसी भी तरह की राशि आप सीधे ही हमारे भारतीय स्टेट बैंक के अकाउन्ट नं. 10493870240 में 'हरिकमल दर्पण' के नाम से जमा करा सकते हैं (**IFSC Code : SBIN0002321**)। मोबाइल नम्बर 9358430959 पर फोन पे की सुविधा भी उपलब्ध है।

Tej singh Pehalwan Mandolla
Mo. 8368759484
Ved Parkash Pal Mandolla
Mo. 8447840730
DLH
DELHI LEHANGA HOUSE
Deals in : SAREES, LEHANGA & DRESS
75, First Floor, Moti Bazar, Chandni Chowk, Delhi-110006
For Appoiment Please Call us
Ph : 011-44744756-8447840730

होल्कर जीवन साथी विवाह ग्रुप
मन मुताबिक रिश्ते पाएँ
अनिल कुमार होल्कर : 9650637209 / 7291084978
www.holkarjiwansaathi.com

## हरिकमल दर्पण

(5, 12, 19 व 26 तारीख को प्रकाशित)

### सदस्यता शुल्क

| | |
|---|---|
| आजीवन | 1000 रुपये |
| वार्षिक | 100 रुपये |

### विज्ञापन की दरें (श्वेत श्याम)

| | |
|---|---|
| वर्गीकृत | 10 रुपये (प्रति शब्द) |
| सजावटी | 100 रुपये (प्रति कालम से.मी.) |
| पूर्ण पृष्ठ | 18000 रुपये |
| आधा पृष्ठ | 10000 रुपये |
| प्रथम पृष्ठ | 50% अतिरिक्त |

### विज्ञापन दरें (रंगीन)

| | |
|---|---|
| सजावटी | 150 रुपये (प्रति कालम से.मी.) |
| पूरा पृष्ठ | 28000 रुपये |
| आधा पृष्ठ | 15000 रुपये |
| चौथाई पृष्ठ | 8000 रुपये |
| प्रथम पृष्ठ | 50% अतिरिक्त |



कुंवर पाल (छोटा हसनपुर वाले)
9897249993, 9368687813
के पी प्रॉपर्टीज
K P Properties
प्लॉट, मकान, दुकान, कोठी,
कृषि फार्म, खरीदने व बेचने
के लिये सम्पर्क करें
ऑफिस:-ग्राम छोटा हसनपुर निकट शिव मंदिर गढ़ रोड मेरठ

जय गुरुदेव
जय साईं राम
प्रो. तेजवीर सिंह
9359802154
9997012483
जोगिन्द्र पाल
9897703306
8881333520
पाल सैटरिंग हाउस
हमारे यहाँ कच्ची-पक्की सैटरिंग का सामान किराये पर मिलता है।
सी-2, सै0-1, शताब्दी नगर, रिठानी (मेरठ)

## हरिकमल दर्पण

स्वामी एवं सम्पादक निरंजन सिंह पाल के लिए प्रकाशक कमल सिंह द्वारा 60, शिवशंकर पुरी, मेरठ शहर-250002 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं मुद्रक चाहत त्यागी द्वारा चाहत प्रिंटर्स, सी-30, प्रीत विहार, नौचंदी ग्राउंड, मेरठ-250004 (उ.प्र.) से मुद्रित।
आरएनआई/पीआरजीआई नं.: 59755/94
मो. 9358430959